**Need to revise the salary of employees of Government Polytechnic Institute, Daman as per the recommendationsof 7th Pay Commission ? Laid**

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल **(**दमन और दीव**) :** मै सरकार का ध्यान दमन में 7 वें वेतन आयोग की सिफारिशों के गैर कार्यान्वयन की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । 7 वें वेतन आयोग की सिफारिशें वर्ष 2016 से पूरे देश में लागु की गयीं थीं, जिससे देश मै काम करने वाले केंद्र सरकार के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को संशोधित वेतन का लाभ मिल रहा है । हालांकि मुझे यह अवगत कराते हुए अत्यंत दु:ख हो रहा है कि दमन स्थित Government Polytechnic Institute में काम करने वाले 53 कर्मचारियों को अब तक, आयोग की सिफारिशों के अनुसार संशोधित वेतन नहीं मिल रहा है । AICTE ओर गृह मंत्रालय द्वारा स्वीकृति प्रदान होने के बावजूद युटी प्रशासक ने इन शिक्षकों की फाइल approve नहीं करी है । जिसके चलते इन्हे मजबूरन CAT (Central Administrative Tribunal) के दरवाज़े खटखटाने पड़े हैं । यह अत्यंत खेदजनक है कि जब पूरे देश में 8 वें वेतन आयोग को लागू करने की तैयारियां चल रही हैं, इन कर्मचारियों को 7 वें वेतन आयोग के तहत मिलने वाले वेतन से 9 सालों तक वंचित रखा गया है । मै सरकार से मांग करता हूँ कि इन सभी कर्मचारियों को 2016 से अब तक के arrears अथवा ब्याज समेत संशोधित वेतन तत्काल प्रभाव से दिया जाये ।

__________

-

**14.13 hrs**